न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ जिला झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी श्री जय सिंह (आर.ए.एस.)

जीसीएमएस नं. 2023/442
मुकदमा नम्बर 113/2023

दर्ज दिनांक– 26.10.2023

संजय पुत्र नारायण जाति स्वामी निवासी ग्राम गोठडा, तहसील नवलगढ जिला झुंझुनू
–आवेदक

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड हॉल्डर तहसीलदार नवलगढ
–अनावेदक

वकील आवेदक : – श्री सुरेन्द्र कुमार बेरवाल
वकील अनावेदक :– पैरा. राज.

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

:: आदेश :: **निर्णय दिनांक 24.07.2024**

प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 एल.आर. एक्ट का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि, ग्राम बसावा पटवार हल्का बसावा की सरहद में स्थित नया खाता सं. 505 के अन्तर्गत भूमि खसरा नं. 892 रकबा 0.52 है0,खसरा नं. 893 रकबा 2.50 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 3.02 है0 व ग्राम गोठडा पटवार हल्का गोठडा की सरहद में स्थित नया खाता सं. 485 के अन्तर्गत खसरा नं. 1145 रकबा 0.86 है0, खसरा नं. 1151 रकबा 0.57 है0,खसरा नं. 1168 रकबा 0.02 है0 में आवेदक का नाम छोटेलाल पुत्र नारायण के स्थान पर संजय पुत्र नारायणदास दर्ज किया किया जाकर दुरूस्त किया जावे।

अनावेदक तहसीलदार नवलगढ द्वारा प्रा. पत्र के सम्बन्ध मे तथ्यात्मक रिपोर्ट 1548 दिनांक 15/05/2024 पेश कि गई जिसके अनुसार नाम दुरूस्त किया जाना उचित बताया गया।

लिहाजा तहसीलदार नवलगढ़ कि रिपोर्ट से इत्तिफाक रखते हुये यह न्यायालय आवेदक का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम बसावा पटवार हल्का बसावा की सरहद में स्थित नया खाता सं. 505 के अन्तर्गत भूमि खसरा नं. 892 रकबा 0.52 है0,खसरा नं. 893 रकबा 2.50 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 3.02 है0 व ग्राम गोठडा पटवार हल्का गोठडा की सरहद में स्थित नया खाता सं. 485 के अन्तर्गत खसरा नं. 1145 रकबा 0.86 है0, खसरा नं. 1151 रकबा 0.57 है0,खसरा नं. 1168 रकबा 0.02 है0 में आवेदक का नाम छोटेलाल पुत्र नारायण के स्थान पर संजय पुत्र नारायणदास दर्ज व दुरूस्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

मुताबिक आदेश तहसीलदार नवलगढ राजस्व रिकार्ड मे दुरूस्ती तथा आवश्यक अमलदरामद करे। तहसीलदार नवलगढ़ को पृथक से तहरीर जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय/आदेश आज दिनांक 24.07.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(जय सिंह)RAS
उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़
जिला–झुन्झुनू

Scanned with CamScanner